विधायकों के घर के सामने गूंजी घंटों की गूंज

इंदौर में हुई दूषित पानी से मौत पर कांग्रेस कर रही है प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

विदिशा 4 जनवरी,कांग्रेसी घंटे लेकर विधायक के घर पहुंच गए. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया....प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर किए गए गए इस प्रदर्शन में विदिशा और शमशाबाद से 2 तस्वीरें सामने आई हैं.विदिशा विधायक के घर प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेसी विधायक के घर को लेकर असमंजस दिखाई दिए तो खुद विधायक मुकेश टंडन ने उनको हाथ देकर बुलाया और उनके विरोध पर अपनी प्रतिक्रिया दी....दूसरी और शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा के निवास पर जब कांग्रेसी पहुंचे तो पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीकेट को पार नहीं कर पाए और वहीं से अपना विरोध दर्ज कराया. कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से यह मौतें हुई हैं उसी तरह विदिशा में भी बेतवा नदी का पानी लगातार दूषित हो रहा है.ट्रीटमेंट प्लांट न होने के चलते गंदे नालों, सीवेज और केमिकल फैक्ट्री का पानी सीधे बेतवा नदी में छोड़ा जा रहा है और यही पानी शहरवासी पीने को मजबूर हैं.

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि इंदौर में हुई घटना काफी विचलित करने वाली है इसको लेकर सरकार दुखी भी है. विधायक टंडन ने कहा कि जब मन विचलित होता है तो कई ऐसी बात भी है जो चर्चा में आ जाती है जो नहीं आना चाहिए, जिसको लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने खेद भी व्यक्त किया है.

विधायक मुकेश टंडन का बयान- शहर सर्वोपरि, राजनीति से ऊपर उठकर काम जरूरी

प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि विरोध अपनी जगह है, लेकिन हम सभी शहर के जिम्मेदार नागरिक हैं.उन्होंने प्रदर्शनकारियों से संवाद करते हुए कहा—अब विरोध हो गया, आइए सब लोग बैठकर चाय पी लें.विधायक टंडन ने स्पष्ट किया कि विरोध अलग विषय है, परंतु शहर की बेहतरी पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि वे नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं टंडन ने यह भी कहा कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी स्थायी और प्रभावी परिणाम सामने आ सकते हैं.

कुरवाई में विधायक को घंटा सुनने पहुंचे कांग्रेसजनों को प्रशासन ने रोका

प्रदेश कांग्रेस केआवाहन पर भाजपा के जन्म प्रतिनिधियों को घंटा बजा कर जागने के प्रयास में कुरवाई के कांग्रेस कार्यकर्ता बीना तिराहा से एकजुट होकर, बामोरा रोड स्थित विधायक हरि सिंह सप्रे के निवास तक नारे लगाते हुए पहुंचे,ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में घंटा बजाओ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता इस मौके पर एकजुट नजर आए. घंटे की आवाज विधायक के कानों तक पहुंचने का कांग्रेस जनों ने भरसक प्रयास किया, किंतु इस मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वेरीकिड्स लगाकर रोक दिया. पुलिस और प्रशासन ने विधायक आवास के आसपास बैरिकेट्स लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. एक भी कांग्रेस कार्यकर्ता विधायक आवास में प्रवेश नहीं कर सका. कांग्रेस नेताओं ने मीडिया को बताया कि इंदौर में सरकार की गलती से हुई 15 नागरिकों की मृत्यु भाजपा के जन प्रतिनिधियों के मुंह पर तमाचा है. एक पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर नगरीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उनको फोकट और घंटा कह कर उपेक्षा की गई. लोकतंत्र में पत्रकारों की बात की उपेक्षा करने से अधिक शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता. भाजपा के जनप्रतिनिधियों को इस्तीफा दे देना चाहि.कुरवाई में कांग्रेस के घंटा बजाओ प्रदर्शन में शामिल हुई जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार,जिला पंचायत सदस्य विनीता शहरिया, प्रदीप अहिरवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष बोहत, , नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

सिरोंज कांग्रेसियों ने बजाया विरोध का घंटा, किया प्रदर्शन

सिरोंज, इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक सवाल के जवाब में घंटा शब्द का इस्तेमाल करने के विरोध में सिरोंज में कांग्रेसियों ने रविवार को घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान पुलिस प्रशासन ने बैरिकेट्स लगाकर कांग्रेसियों को विधायक निवास पर जाने से रोक दिया. जिसके बाद कांग्रेसियों ने विधायक निवास की ओर जाने वाले रोड पर लगी बैरिकेट्स पर ही घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए इंदौर में हुई घटना की निंदा की एवं प्रदेश सरकार को जमकर घेरा.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक सवाल के जवाब में घंटा शब्द का इस्तेमाल करने के विरोध में प्रदेश भर में कांग्रेस द्वारा घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है. इसी कड़ी में कांग्रेस का सिरोंज में भी विधायक निवास पर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन प्रस्तावित था. जिस पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता कोर्ट गेट से एक रैली की शक्ल के रूप में विधायक निवास की ओर जाने लगे. इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए विधायक निवास गणेश की अथाई की ओर जाने वाले रोड पर रावजी पथ पर बैरिकेट्स लगा रखे थे. जैसे ही कांग्रेसी गणेश की अथाई स्थित विधायक निवास की ओर जाने लगे. पुलिस ने रावजी पथ के मार्ग पर ही कांग्रेसियों को बैरिकैट्स लगाकर विधायक निवास की ओर जाने से रोक लिया. इस दौरान कांग्रेसी विधायक निवास की ओर जाने की कोशिश करने लगे. लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा उनको विधायक निवास की ओर जाने से रोक दिया गया. जिस पर कांग्रेसियों ने विधायक निवास की ओर जाने वाले रोड रावजी पथ मार्ग पर ही बैरिकेट्स के पास घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार को घेरा एवं इंदौर में हुई घटना की निंदा की. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से लोगों की जान जाना बेहद गंभीर मामला है. उन्होंने कहा कि लोगों को साफ पानी, मूलभूत सुविधाएं एवं सुरक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है. लेकिन प्रदेश सरकार ना तो लोगों को साफ पानी दे पा रही है, ना ही लोगों को सुरक्षा दे पा रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार सो रही है, कांग्रेस इस प्रदर्शन के माध्यम से घंटा बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि इस मामले में भाजपा नेताओं का गैर जिम्मेदाराना रवैया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है. उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा एक सवाल के जवाब में घंटा शब्द का इस्तेमाल करने की निंदा करते हुए कहा कि यह प्रदेश की आम जनता का अपमान है. उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं इंदौर के महापौर के इस्तीफे की मांग की. देवपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने कहा कि इंदौर की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. इंदौर में दूषित पानी से लोगों की जान जाना बेहद गंभीर मामला है. वहीं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि मध्यप्रदेश में हालात यह हो गए हैं कि दवाई से बच्चों की मौत हो रही है और पीने के पानी से इंदौर में लोगों ने अपनी जान गंवा दी. प्रदेश में जनता और बच्चे दवाई और पानी से मर रहे हैं. मीडिया जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सवाल करता है, तो घंटा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है. उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफा की मांग की. इस दौरान सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष यदवीर सिंह बघेल, देवपुर उप ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, आनंदपुर उप-ब्लॉक अध्यक्ष नवीन करेरिया, सिरोंज शहर अध्यक्ष सैफू, संजीव कुशवाह, केसर खान, गगनेन्द्र रघुवंशी, विनोद सेन, रजत गौड़, सादिक़ कुरैशी, रामदयाल विश्वकर्मा, जितेंद्र बघेल, चंदू तिवारी, हारून, असगर, अनिरुद्ध यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

लंका पर आक्रमण का मंचन, युद्ध दृश्य देख रोमांचित हुए श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

सांची,नगर के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला महोत्सव के अंतर्गत आज लंका पर आक्रमण की लीला का भव्य और जीवंत मंचन किया गया. इस दौरान वानर सेना और राक्षसों के बीच हुए भीषण युद्ध के दृश्य ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया.



कार्यक्रम में लक्ष्मण शक्ति की मार्मिक लीला का भी प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे.कलाकारों की सशक्त अभिनय प्रस्तुति, युद्ध दृश्यों की सजीवता और संवादों की प्रभावशीलता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया.रामलीला देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया.रामलीला का यह दृश्य भक्तों के मन में श्रद्धा, साहस और भक्ति की अमिट छाप छोड़ गया.

हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न, समाज को संगठित कर देश सेवा का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

हैदरगढ़ , धामनोद मंडल अंतर्गत वावना के घाट पर स्थित प्रसिद्ध खरैरा धाम में मंडल स्तरीय सकल हिंदू सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ इस सम्मेलन में आसपास के 10 से 12 गांवों के सैकड़ों नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय और राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया.कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य रैली निकाली. इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की पूजा-अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया.सम्मेलन में खरैरा धाम के पूज्य संत श्री श्री 1008 महंत श्री रामदास जी त्यागी महाराज, श्री मोहन दास जी महाराज एवं कस्बा बागरोद के पूज्य संत श्री रामदास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रही संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों में नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देते हुए कहा कि सनातन धर्म में सभी वर्ण और समाज के लोग समान हैं. सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, अनिल शर्मा, दीपक रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाहा, सरपंच गोकुल बंसल, निरंजन कुशवाह आदि मौजूद थे.

डॉ . अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, गंजबासौदा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अतिथि के रूप में मौजूद संत भंते शाक्य पुत्र सागर, विधायक हरि सिंह रघुवंशी, संत राजाराम मस्ताना सत्संग सर्वे पंथ निस्तारा गुरुद्वारा लाल पठार गंजबासौदा, अर्चना अहिरवार द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया. इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर निर्माण कार्य समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों

का फूल मालाओं से स्वागत किया.

इस दौरान अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया. इस दौरान जनता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक लीना संजय जैन ने भी डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अहिरवार समाज द्वारा प्रतिमा स्थापना की सराहना की. वरिष्ठ पार्षद सौदान सिंह यादव, जगदीश व्यास, अल्लू अहिरवार, कल्याण सिंह नागौरी आदि ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. समारोह में बड़ी संख्या में अहिरवार समाज के नागरिक सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

ठिठुरन भरी सर्दी कंपकपाये लोग, 50 मी . से कम रही दृश्यता

घना कोहरे के चलते क्षेत्र में जारी है सर्दी का सितम

नवभारत न्यूज

विदिशा/सिरोंज 4 जनवरी, नये साल के आगाज के साथ ही क्षेत्र में इन दिनों भीषण सर्दी एवं कोहरे का असर देखने का मिल रहा है. तापमान में भी कमी दिखाई दे रही हैं. क्षेत्र में रविवार को ठिठुरन भरी सर्दी में लोगों को कंपकपाया. इस दौरान सुबह चारों ओर घना कोहरा छाने से दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही. सड़कों पर घने कोहरे के कारण सुबह वाहन हेडलाईट जलाकर रेंगते हुए दिखाई दिए. क्षेत्र सुबह करीब 12 बजे तक कोहरे के आगोश में रहा. इसके बाद धूप निकलने एवं कोहरा हटने पर लोगों ने कुछ राहत महसूस की.

क्षेत्र में इन दिनों सर्दी का सितम जारी है. नये साल की शुरुआत के साथ तापमान में भी कमी दिखाई दे रही है. क्षेत्र में बीती रात्रि काफी सर्द रही. मौसम बेबसाइट के अनुसार क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया. शीतलहर एवं सर्दी से तापमान काफी लुढ़क गया. जिसके चलते लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई. सर्दी के बचाव के लिए लोगों ने

अधिकांश समय घरों पर ही रहकर व्यतीत किया. जिससे सड़कों पर सुबह शाम लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी. सर्दी एवं शीत लहर से बचने लोग गर्म वस्त्रों एवं अलाव का सहारा लेते दिखे. जानकारों की मानें तो आगामी कुछ दिन ओर इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है.

कोहरा छाने से रेंगते दिखे वाहन

क्षेत्र में रविवार को सुबह कोहरा अधिक होने से दृश्यता भी करीब 50 मी. से भी कम रही. जिसके कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखाई दी. लोग सुबह वाहनों की हेडलाईट जलाकर वाहन चलाते दिखाई दिये. वही क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही कंपकपा देने वाली भीषण सर्दी एवं शीत लहर में लोग सर्दी से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं.

शीत लहर के चलते पठारी नगर में लगे अलाव

जनवरी में कड़ाके की ठंड और शीत लहर का प्रभाव जारी है.क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण लगातार शीत लहर चल रही है.शीत लहर का प्रभाव ग्राम पठारी में भी दिख रहा है.इस शीतलहर से बचने के लिए ग्राम पठारी की सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने ग्राम के मुख्य स्थान बस स्टैंड मुख बाजार छोटी माता मंदिर खुरई रोड ईदगाह मोहल्ला थाना के पास विभिन्न स्थानों पर सूखी लकड़ी के अलावा लगवा दिए हैं जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ राहगीरों को भी इस शीत लहर से बचने की व्यवस्था हो रही है. सरपंच ने कहा है कि और जहां भी आवश्यक होगा वहां अलाव जलाए जाएंगे अलाबों की व्यवस्था करने पर ग्रामीणों ने सरपंच का आभार व्यक्त भी किया सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने बताया कि माह जनवरी के दूसरे तीसरे सप्ताह तक अत्यधिक सर्दी रहने की संभावना है.

हैदरगढ़ में कड़ाके की ठंड का कहर, अलाव बने सहारा छाया रहा कोहरा

हैदरगढ़ सहित क्षेत्र में सुबह से ही दिन भर कोहरा छाया रहा.कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है. ठंड का आलम ऐसा रहा कि मानो सूर्य नारायण भी बादलों की ओट में छिपे रहे.सुबह देर तक नगर घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया, जिससे दृश्यता भी कम बनी रही भीषण ठंड से बचने के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर लोग अलाव तापते हुए दिखाई दिए बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ नजर आई जो लोग आवश्यक कार्यों से बाहर निकले वे भी गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे हुए दिखे दिनभर शीतलहर ने नगर को अपनी आगोश में ले रखा जिससे तापमान पूरी तरह गिर गया लगातार बढ़ती ठंड ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी है और लोग फिलहाल मौसम के मिज़ाज के नरम होने का इंतजार कर रहे हैं.

स्वच्छता अभियान के दावे हवा-हवाई, सांची में जमीनी हकीकत खोल रही पोल

करोड़ों खर्च के बावजूद सीवर लीकेज, गंदगी और पेयजल संकट से जूझ रहा विश्व धरोहर स्थल

नवभारत न्यूज

सांची,सरकार द्वारा स्वच्छता और विकास अभियानों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को खोखला साबित कर रही है. कागजों और फोटोग्राफी तक सीमित स्वच्छता अभियान वास्तविकता में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं.

जानकारी के अनुसार, विकास कार्यों की जिम्मेदारी जहां एक ओर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को सौंपी जाती है, वहीं जमीनी स्तर पर इन्हें लागू करने में प्रशासनिक अमला उदासीन दिखाई देता है. शासन द्वारा दिए गए अधिकारों और जिम्मेदारियों के बावजूद छोटे-छोटे मुद्दों पर भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे सरकार की मंशा पर पानी फिरता नजर आता है.यही स्थिति विश्व ऐतिहासिक धरोहर सांची में भी साफ देखी जा सकती है. इस स्थल को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वर्षों में करोड़ों रुपये खर्च किए गए.निरीक्षण और जांच दल भी आते-जाते रहे, लेकिन अधिकांश जांच केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित रह गई. नतीजतन, वास्तविक विकास धरातल पर उतर ही नहीं सका.नगर

के कई क्षेत्रों में सीवर लीकेज, गंदगी और दुर्गंध आम समस्या बन चुकी है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. वहीं, नल-जल योजना के तहत नगर की पक्की सड़कों की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन आज भी हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचने का सपना अधूरा है.गंदगी से भरी नालियों और गड्ढों के बीच से गुजरती पेयजल लाइनें गंभीर खतरे की ओर इशारा कर रही हैं.स्वच्छता अभियान और सौंदर्यीकरण के नाम पर खर्च की गई भारी राशि के बावजूद न तो नगर स्वच्छ बन सका और न ही सुंदर अतिक्रमण के मामले में भी हालात ऐसे हैं मानो प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त हो.इन सबके बीच प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है और इंदौर जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.जब तक कागजी विकास से आगे बढ़कर जमीनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक स्वच्छता अभियान केवल दावों तक ही सीमित रहेंगे.

पुलिस थाने में सराफा व्यापारियों की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

पठारी, पुलिस थाना पठारी में नगर के सराफा व्यापारियों की बैठक थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुई.बैठक में थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने सराफा व्यापारियों से कहां कि सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए सभी व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सी.सी. टीव्ही कैमरे लगवाएं जिससे अपराधियों की शिनाख्त हो सके.उन्होंने कहां कि नगर के प्रमुख चौराहों पर सी. सी. टीव्ही कैमरे लगाने के लिए सभी व्यापारी सहयोग करें.इस मौके पर सराफा व्यापारी अवनीश सहेले, सोहित सहेले, मुन्नालाल सोनी,अंकित भाटिया, सैंकी जैन,

गोविंद सिंह ठाकुर,सीताराम साहू, चंद्रमोहन सोनी, प्रदीप सोनी, प्रकाश कुर्मी आदि सराफा व्यापारी मौजूद थे.

निःशुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का निःशुल्क ब्लड ग्रुप चेक करवा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।

श्रमदान | **कड़ाके की सर्दी में भी जारी रहा श्रमदान,साप्ताहिक श्रमदान अभियान के तहत तेरहवां चरण संपन्न**

जीवनदायिनी बेतवा व घाटों की हुई साफ-सफाई

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच भी नदी स्वच्छता के प्रति समर्पित श्रमदान दल का उत्साह कम नहीं हुआ. रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत तेरहवें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ. सुबह शीतलहर और सीमित दृश्यता के बावजूद श्रमदान दल के सदस्य तय समय पर घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों व आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे की सफाई में जुट गए.

स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों के सामने इधर उधर पड़े बालों का निस्तारण सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया. दल ने बताया कि मुंडन संस्कार के बाद बालों को घाट परिसर में ही छोड़ दिया जाता है, जिससे गंदगी फैलती है तथा दुर्गंध उत्पन्न होती है, और अंततः ये अवशेष नदी में पहुँचकर जल प्रदूषण का कारण बनते हैं.

इन दिनों यह समस्या अधिक गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे स्वच्छता प्रयासों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है. श्रमदान दल का कहना है कि नदी जल स्वच्छता अभियान की राह में जागरूकता की कमी सबसे बड़ी बाधा है. श्रमदान दल के सदस्य घना कोहरा, ठंड और प्रतिकूल मौसम के बाबजूद जहां लोग घरों से निकलने से बच रहे है, ऐसी परिस्थिति में भी श्रमदान दल के साथी निरंतर नदी पर पहुंच रहे है. जो कि सिद्ध करता है कि उद्देश्य पवित्र हो, तो कोई भी परिस्थिति सामाजिक आंदोलन को रोक नहीं सकती. अभियान के दौरान घाटों से घरेलू कचरा, पूजा सामग्री, प्लास्टिक-पॉलिथीन, कपड़े और अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया. श्रमदान दल ने आमजन से अपील की किमुंडन सामग्री, पूजा-पाठ के अवशेष और प्लास्टिक नदी या घाट पर न फेंके. घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और नदी को जीवनदायिनी धरोहर मानकर उसका संरक्षण करें.

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर लटेरी में भव्य हिंदू सम्मेलन, नगर में निकली विशाल वाहन रैली

नवभारत न्यूज

लटेरी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है.इसी क्रम में नगर लटेरी में आगामी 19 जनवरी 2026 (सोमवार) को भव्य हिंदू सम्मेलन एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है.

सम्मेलन की तैयारियों के तहत रविवार को नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसमें नगर के समस्त हिंदू संगठनों एवं सनातन धर्मप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.यह वाहन रैली श्री हनुमान मंदिर तपोवन भूमि तालाब से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों—मुख्य बाजार, बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों एवं मोहल्लों से होकर निकाली गई.रैली में भगवा ध्वज लहराते हुए बड़ी संख्या में दोपहिया व चारपहिया वाहन शामिल रहे.रैली के दौरान जयघोष और धर्म-संस्कृति के नारों से नगर का वातावरण पूरी तरह सनातनमय हो गया.आयोजकों ने बताया कि 19 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में काशी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु रामानंदाचार्य परंपरा के प.पू. डॉ. रामकमलाचार्य वेदान्ती जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा. कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 10.30 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात संतों के सान्निध्य में हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज का आयोजन किया जाएगा. सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज नगर लटेरी द्वारा किया जा रहा है.